# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

**राजभवन, पटना–800022**

**अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद संख्या–51 (लो0सू0अ0)/2022–23**

**श्री मनोज कुमार सिंह, पता–क्वार्टर नं॰–201/4 ओल्ड टाईप, कार्मिक नगर, पोस्ट–सरायढ़ेला, जिला–धनबाद**

**बनाम**

**लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना**

| आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि | आदेश फलक | |
|---|---|---|
| **19.10.2022** | श्री मनोज कुमार सिंह, पता–क्वार्टर नं॰–201/4 ओल्ड टाईप, कार्मिक नगर, पोस्ट–सरायढ़ेला, जिला–धनबाद के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–15.10.2022 इस कार्यालय में दिनांक–18.10.2022 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में कोई साक्ष्य संलग्न नहीं किया गया है।<br>अपीलकर्त्ता श्री मनोज कुमार सिंह ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–05.09.2022 को सूचना अधिकार अधिनियम– 2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय को दिया था, परंतु सूचना लोक सूचना पदाधिकारी से सूचना/निर्णय प्राप्त नहीं होने के कारण प्रथम अपीलीय प्राधिकार–सह–राज्यपाल के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है।<br>साथ ही उन्होंने उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–05.09.2022 की प्रति भी संलग्न की है।<br>बिहार सूचना का अधिकार नियमावली, 2006 के नियम–3 (परिशिष्ट–1) के अनुसार अपील शुल्क के रूप में ₹ 10/– (दस रूपए) देय है, जो अपीलार्थी द्वारा अपने अपील आवेदन के साथ संलग्न नहीं किया है और न ही गरीबी रेखा के नीचे बसर करने का कोई साक्ष्य संलग्न किया है। अतः अपीलार्थी से अपील शुल्क अथवा गरीबी रेखा के नीचे बसर करने का साक्ष्य की मॉग करें ताकि उनका अपील आवेदन स्वीकृत कर अग्रतर कार्रवाई की जा सके।<br>सभी संबंधित को सूचित करें तथा अभिलेख पुनः 09.11.2022 को उपस्थापित करें।<br><br>Sd/- 19/10/2022<br>**विशेष कार्य पदाधिकारी**<br>**–सह–**<br>**प्रथम अपीलीय प्राधिकार** | |

अपील वाद संख्या–51 / 2022–23

| आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि | आदेश फलक | |
|---|---|---|
| 09.11.2022 | दिनांक–19.10.2022 को पारित आदेश के क्रम में अपीलार्थी श्री सिंह से न तो शुल्क प्राप्त है और न ही गरीबी रेखा की नीचे बसर करने का साक्ष्य, परंतु लोक सूचना पदाधिकारी से प्रतिवेदन प्राप्त है। उक्त प्रतिवेदन के अनुसार अपीलार्थी श्री मनोज कुमार सिंह, पता–क्वाटर नं॰–201 / 4 ओल्ड टाईप, कार्मिक नगर, पोस्ट–सरायढेला, जिला–धनबाद से प्राप्त आवेदन दिनांक–09.08. 2022 (जो राज्यपाल सचिवालय में दिनांक–15.08.2022 को प्राप्त हुआ है) को राज्यपाल सचिवालय, पटना के पत्रांक–62 दिनांक–31.08.2022 के माध्यम से विशेष कार्य पदाधिकारी, लोक शिकायत निवारण केन्द्र, सूचना भवन, पटना को भेज दिया गया है।<br>श्री मनोज कुमार सिंह, पता–क्वाटर नं॰–201 / 4 ओल्ड टाईप, कार्मिक नगर, पोस्ट–सरायढ़ेला, जिला–धनबाद से प्राप्त प्रपत्र 'क' दिनांक–05.09.2022, जो राज्यपाल सचिवालय, पटना में 09.09.2022 को प्राप्त हुआ है, के आलोक में प्रशाखा पदाधिकारी–सह–लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार ने अपने पत्रांक–163 दिनांक–20.09.2022 के माध्यम से कृत कार्रवाई की सूचना की प्रति आवेदक को भेजा दिया गया है।<br>उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है। सभी संबंधित को सूचित करें।<br>9/11/2022<br>**विशेष कार्य पदाधिकारी**<br>**–सह–**<br>**प्रथम अपीलीय प्राधिकार** | |